# सायबर क्राइम के प्रति जागरूकता जरूरी

**महू( आरएनएन)।** वर्तमान समय में सभी लोग दो दुनिया में रहते है। एक वास्तविक और दूसरा काल्पनिक दुनिया। जिस प्रकार हम वास्तविक दुनिया में सुरक्षा को लेकर इंतजाम करते हैं, ठीक उसी प्रकार काल्पनिक दुनिया में भी सुरक्षित रहना जरूरी है। नहीं तो आप अपराध का शिकार हो जाएंगे या अंजाने में अपराधी। यह बात सायबर क्राईम जागरूकता एवं सावधानियां (आर्थिक संदर्भ) एडीजी (नारकोटिक्स) वरूण कपूर ने पीठ रोड स्थित जय गोविंद गोपीनाथ स्कूल में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के व्याखान के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि आज का समय बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। यदि हम उस समय के साथ अपने आप को तेजी से जागरूक नहीं करेंगे तो जानकारी के अभाव में आप किसी अपराध का शिकार हो सकते है। खास कर काल्पनीक दुनिया (सायबर दुनिया) में। उन्होंने बताया कि सायबर की दुनिया में सबसे अधिक सुरक्षित रहना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि पिछले साल सायबर अपराध के तहत 35 फीसदी कॉलेज और 5 फीसदी स्कूल के विद्यार्थी सायबर अपराध के अपराधी बने। जिसका मुख्य कारण जागरूकता का अभाव है। विद्यार्थियों को ही नहीं की वे क्या सायबर पर क्या कर रहें हैं और क्यों कर रहें हैं। ऐसे में वे सायबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने ने एक वीडियो के माध्यम से बदलते दुनिया के बारे बताया। और कहा कि जितनी तेजी से दुनिया बदल रही है। उतना ही तेजी से अपने आप को जागरूक बनाना है।

## ग्राहक पंचायत की दी जानकारी

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पी जामजूट ने की। इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय सह सचिव दिनकर सबनीस व मुकेश कौशल मौजूद थे। दिनकर सबनीस ने व्याखान के दौरान ग्राहक पंचायत को लेकर कई अहम जानकारी दी। उन्होंने कहा की ग्राहक के लिए सतत जागरूकता आजादी का पहचान है।